# वीयू – जबलपुर वेटरनरी कॉलेज का 77 स्थापना दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर का 77 वां स्थापना दिवस एवं जेवीसी अल्युमिनियम मिलन का आयोजन आज दिनांक 8 जुलाई 2024 को महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संस्थापक कुलपति डॉ. गोविंद प्रसाद मिश्र जी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलगुरु प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अमृत नंदीश्वर पर माल्यार्पण एवं मंचासीन कुलगुरु प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी, संस्थापक कुलपति डॉ. गोविंद प्रसाद मिश्रा, प्रबंधन मंडल के सदस्य डॉक्टर सुधीर यादव, वरिष्ठ प्रोफेसर आरसी दत्ता, जेवीसीए के अध्यक्ष डॉ. सुनील नायक, संयुक्त संचालक डॉ. जे.पी. शिवा तथा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा मां सरस्वती की पूजा उपरांत किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, शाल श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया ।



स्वागत उद्बोधन जेवीसीए अध्यक्ष डॉक्टर सुनील नायक द्वारा किया गया। अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा महाविद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति उसकी नींव पर निर्भर होती है इस महाविद्यालय की नीव बहुत अच्छी रही है और तभी यह उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर है और प्रगति के लिए जरूरी है कि सभी स्टेकहोल्डर मिलकर कार्य करें। इस बात पर जोर डाला किस समय की प्रतीक्षा न करते हुए सिर्फ कार्य करने की मन में सोच रखें जिससे सफलता जरूर हासिल कर सकेंगे। मुख्य अतिथि डॉक्टर गोविंद प्रसाद मिश्र संस्थापक कुलपति ने अपने उद्बोधन में निरंतर प्रगति पथ पर कार्य करने हेतु प्रेरित

किया। वेटनरी शिक्षा और कृषि शिक्षा किसान कार्यक्रमों की श्रंखला में। जेवीसीए के न्यूज़ लेटर का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को जेवीसीएए की ओर से 21 स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए जिसमें 5 स्वर्ण पदक सुश्री निलम सोनी को तथा 4 स्वर्ण पदक ज्योंथि विघाधरन को, 3 स्वर्ण पदक सुश्री मुस्कान यादव को मिले। जिसमें डॉ. एम.वाई. मंगरुलकर गोल्ड मेडल पैथोलॉजी, बैक्टीरियोलॉजी, पैरासिटोलॉजी डॉ. निलम सोनी, डॉ. चेल्वा



अयंगर स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा शरीर रचना डॉ. एस. साहिथि को, डॉ. जे.एल.वेगड़ स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा रोग विज्ञान डॉ. मुस्कान यादव को, डॉ. विद्या नंद शुक्ला स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी डॉ. ज्योंथि विघाधरन को, डॉ. एस.के. सक्सैना स्वर्ण पदक पशुचिकित्सा फिजियोलॉजी डॉ. निलम सोनी को, श्रीमती गंगा बाई गुप्ता स्वर्ण पदक एआरजीओ डॉ. ज्योति विघाधरन को, डॉ. एम.एल. मेहता गोल्ड मेडल पशु चिकित्सा डॉ. निधि प्यासी को, डॉ. आर.जी. धावेडकर स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी एवं मेडिसिन डॉ. ज्योति विद्याधरन को, श्री गोपाल राव कटपटाल स्वर्ण पदक पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन डॉ. मुस्कान यादव को विनायक नीलकंठ सागदेव स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा विस्तार डॉ. ज्योंथि विघाधरन को, निहाल गौड़ स्वर्ण पदक पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन डॉ. मुस्कान यादव को, मीना राजावत स्वर्ण पदक पशु पोषण डॉ.



निलम सोनी को, कर्नल के.जी.एस. राजावत स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा सर्जरी एवं रेडियोलॉजी डॉ. एस साहिथी को, डॉ. डी.एन. श्रीवास्तव स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा फार्माकोलॉजी डॉ. निलम सोनी को, डॉ. वी.पी. मित्तल गोल्ड मेडल बी.वी.एससी. एवं ए.एच., टॉपर (कॉलेज स्तर) डॉ. निलम सोनी को, डॉ. एस.एस. भदौरिया मेमोरियल गोल्ड मेडल आईसीएआर जेआरएफ (पशु विज्ञान) महिला छात्रा डा चंद्रिका त्रिपाठी को, डॉ.एल.डी. बाजपेयी मेमोरियल गोल्ड मेडल एनिमल न्यूट्रिशन, छात्र छात्र डॉ. रितिक शर्मा को, एम.वी.एससी. (स्नातकोत्तर) भरत लाल मेमोरियल गोल्ड मेडल एआरजीओ डॉ. मोना चौरसिया को, डॉ. जे.एल. सोनी स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा डॉ. अनुजा को, डॉ. ए.एम. श्रीवास्तव स्वर्ण पदक एम.वी.एससी. एवं ए.एच., टॉपर (कॉलेज स्तर) डॉ. आफरीन खान को, डॉ. इंद्रजीत शर्मा स्वर्ण पदक पशुचिकित्सा फिजियोलॉजी डॉ. रविन्द्र को।

उल्लेखनीय है की, मंच से चार नए स्वर्ण पदकों की घोषणा की गई जिसमें डॉ रमेश कुमार शर्मा मेमोरियल गोल्ड मेडल, श्रीमती शांति देवी नायक मेमोरियल गोल्ड मेडल, डॉ. ए.एम. श्रीवास्तव मेमोरियल गोल्ड मेडल तथा डॉ. ए.बी. श्रीवास्तव द्वारा दिया जाने वाला गोल्ड मेडल।

इस कार्यक्रम के अवसर पर इस महाविद्यालय के सन 2005 के भूतपूर्व छात्राएं अपना पुनर्मिलन समारोह भी मना रहे हैं। कार्यक्रम में वेटरनरी क्षेत्र में कार्यरत कंपनी के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसमें मध्य प्रदेश के लोक नृत्य पाश्चात्य शैली में फ्यूजन नृत्य, क्लासिकल नृत्य आदि की मंत्रमुग्ध प्रस्तुति की गई जिसका सभागार में उपस्थित सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पदाधिकारियोंगण, भूतपूर्व छात्र, मध्य प्रदेश वेटरिनरी विभाग वेटनेरियन्स तथा महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, अभिभावकगण, कर्मचारीगण की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय में अपनी सेवाएं दे चुके प्राध्यापकगण जिनका सन 2024 में निधन हुआ है उन्हें उनके द्वारा महाविद्यालय में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए सभागार में उपस्थित सभी ने 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, जे.वी.सी.ए अध्यक्ष डॉ. सुनील नायक, सचिव डॉ. आदित्य मिश्रा तथा समस्त कार्य हेतु निर्मित समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों का योगदान रहा। मंच संचालन डॉ. अमिता तिवारी एवं डॉ. वैशाली खरे द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सचिव जेवीसीए डॉ. आदित्य मिश्रा द्वारा दिया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर